तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **डा. चिमनसिंह बनाम लो.सू.अ.(उपखण्ड अधिकारी ज़ोधपुर,उत्तर)** सू.अ.अ. अपील संख्या 270/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28-09-2022	अपीलार्थी डा.चिमनसिंह परिहार, निवासी सुमंगल भवन, पावटा सी रोड़, गली नं.–6, महामंदिर जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 18.06.2022 में (1) बासनी तम्बोलिया भाकरबास, जोधपुर के वरिष्ठ नागरिक पेंशन प्राप्तकर्ताओं की सूचीकी दो दो प्रमाणित प्रति, से संबंधित सूचना के लिए ,लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर, उत्तर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (उपखण्ड अधिकारी जोधपुर, उत्तर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 17 दिनांक 20.09.2022 को रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसके अनुसार अपीलार्थी/प्रार्थी को जरिये पत्रांक 16 दिनांक 20.09.2022 को सूचना प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी को सूचना प्रेषित की जा चुकी है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	